कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग
"व्यवस्थापन 'घ' वर्ग" उत्तराखण्ड देहरादून
OFFICE OF THE ENGINEER IN CHIEF, P.W.D., DEHRADUN, UTTARAKHAND
Website-http://pwd.uk.gov.in E-Mail-cepwdua@gmail.com

पत्रांक:-1320 /196 व्यघ-सामान्य/25 दिनांक 17/12/2025

कार्यालय ज्ञाप

मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड नैनीताल में दायर स्पेशल अपील संख्या 24/2025 अजय पंवार एवं अन्य बनाम उत्तराखण्ड राज्य एवं अन्य में मा0 न्यायालय द्वारा दिनांक 11.06.2025 को आदेश पारित किये गये हैं, जिसका मुख्यांश निम्नवत् है:-

7 (iii). The petitioners shall submit their respective representation within 15 days from the date to be calculated from the date of receipt of copy of this order. At the latest, the representation shall be submitted to the first respondent on or before 30.06.2025 by 5:30 p.m.

(iv). Thereafter, the first respondent shall examine the representations individually and, thereafter draw up a list assigning seniority to the petitioners and some of the criteria for assessing and drawing up the seniority list are as follows:-

(a) The date of entry in the service.

(b) The total length of service, excluding the number of days/weeks/months that the petitioners were actually out of service.

8. We deem it appropriate to issue this direction, in view of the fact that it would prevent unavoidable litigation and future litigations. The consideration of the cases of the petitioners shall be expedited by the first respondent and, at any rate, the exercise shall be completed within six months from the date of receipt of copy of this order.

मा0 उच्च न्यायालय में पारित आदेश दिनांक 11.06.2025 के बिन्दु संख्या 07 (III) के क्रम में निर्धारित तिथि 30.06.2025 तक शासन के माध्यम से प्राप्त कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल/प्राविधिक/विद्युत/यांत्रिक) संविदा कार्मिकों के प्रत्यावेदनों को मा0 उच्च न्यायालय के आदेश के बिन्दु संख्या 07 (IV) के (a) एवं (b) में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में योगदान की तिथि से मा0 न्यायालय के आदेश के बिन्दु 07 (V) के क्रम में दिनांक 10.01.2025 (Cut-off Date मानते हुए) वास्तविक रूप से कार्यरत दिनों की गणना करते हुए वरिष्ठता के आधार पर सूची तैयार कर इस कार्यालय के पत्र संख्या 957/196 व्यघ-सामान्य/25 दिनांक 25.09.2025 द्वारा शासन को प्रेषित की गयी। जिसके क्रम में शासकीय पत्र संख्या 340324 E 90608-01(19)अधि0 2025 दिनांक 28.10.2025 द्वारा लोक निर्माण विभाग में मा0 उच्च न्यायालय में उपलब्ध करायी गयी सूची में अंकित कनिष्ठ अभियन्ता (संविदा) की अनन्तिम वरिष्ठता सूची निर्गत करते हुए 15 दिवस के भीतर सम्बन्धितों से आपत्तियां प्राप्त कर तद्क्रम में प्राप्त आपत्तियों का विधिवत निराकरण करते हुए 07 दिवस के भीतर अन्तिम ज्येष्ठता सूची निर्गत कर शासन को उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

तत्पश्चात इस कार्यालय के पत्र संख्या 1129/196 व्यघ-सामान्य/25 दिनांक 30.10.2025 द्वारा कनिष्ठ अभियन्ता संविदा (सिविल) की अनन्तिम वरिष्ठता सूची जारी करते हुए दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कर सम्बन्धित कनिष्ठ अभियन्ता (संविदा) को यदि वरिष्ठता से सम्बन्धित कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर एवं इस कार्यालय के पत्र संख्या 1260/196 व्यघ-सामान्य/17 दिनांक 27.11.2025 द्वारा कनिष्ठ अभियन्ता (प्राविधिक/विद्युत/यांत्रिक) संविदा कार्मिकों की वरिष्ठता सूची जारी करते हुए किसी कनिष्ठ अभियन्ता (संविदा) को यदि वरिष्ठता से सम्बन्धित कोई आपत्ति हो तो 03 दिवस के भीतर विभागाध्यक्ष कार्यालय को उपलब्ध कराये जाने हेतु लिखा गया था। जिसके क्रम में निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत प्राप्त कुल 113 आपत्तियों/प्रत्यावेदनों के निस्तारण हेतु इस कार्यालय के ज्ञाप संख्या 1244/196 व्यघ-सामान्य/25 दिनांक 21.11.2025 द्वारा समिति का गठन किया गया। गठित समिति द्वारा दिनांक 02.12.2025 को आहूत बैठक में आपत्तियों/प्रत्यावेदनों का निस्तारण कर आख्या कार्यवृत्त संख्या 1282/196 व्यघ-सामान्य/25 दिनांक 06/12/2025 के द्वारा प्रस्तुत की गयी। जिसका विवरण निम्नवत् है:-

1. श्री अजय चन्द रमोला, श्री प्रशान्त कुमार अग्रवाल एवं श्री मुकेश उनियाल द्वारा दी गयी आपत्तियों कि विभाग द्वारा अनुबन्ध निरस्त किये जाने के आदेश पारित करने से पूर्व किसी प्रकार से एक माह पूर्व नोटिस अथवा एक माह का

शेष पृष्ठ 02 पर

वेतन प्रार्थी को प्रदान नही किया गया जो कि अनुबन्ध की शर्त संख्या 07 IV का पूर्ण उल्लघंन है। वर्तमान उत्तराखण्ड शासन द्वारा विनियमितीकरण नियमावली के संशोधन का कार्य प्रगति पर है, एवं प्रार्थी भविष्य में यदि विनियमितीकरण हेतु पात्र होने की स्थिति में लिटिगेशन पीरियड (दिनांक 05.10.2024 से 10.01.2025 तक) का सेवा अन्तराल (ब्रेक) बाधक बनने की सम्भावना से ग्रसित है। अतः प्रार्थी की आपसे करबद्ध प्रार्थना है कि प्रार्थी के कुल सेवा अन्तराल (Break) अवधि में से लिटिगेशन पीरियड (दिनांक 05.10.2024 से 10.01.2025 तक) को हटाए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि सम्बन्धित कार्यवाही मा0 उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में की गयी है तथा दिनांक 10.01.2025 तक को कार्यरत अवधि में सम्मिलित कर दिया गया है।

2. श्रीमती सुधा महर द्वारा दी गयी आपत्तियाँ कि कमांक–16 (श्री संजय सिंह कनवाल) की ब्रेक अवधि 08 माह 08 दिन अंकित है, जबकि वास्तविक ब्रेक अवधि लगभग 372 दिन है। अतः ब्रेक अवधि में संशोधन करते हुए वरिष्ठता सूची संशोधित की जाय 10.01.2025 के बाद भी प्रार्थिनी द्वारा सेवा दी गई है। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि पुनः गणना करने के उपरान्त श्री संजय सिंह कनवाल की ब्रेक अवधि संशोधित कर 01 साल 08 दिन कर दी गयी है तथा मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये आदेशों के अनुसार गणना 10.01.2025 तक की जानी है।

3. श्री परमानन्द देवराड़ी, श्री सन्दीप बिष्ट, श्री सुरेन्द्र सिंह रावत, श्री अरविन्द सिंह, श्रीमती पूजा राणा, श्री अकलेश सिंह, श्री आशीष सिंह धर्मशक्तू, श्रीमती पूजा रावत, श्री अमित थपलियाल, श्री अमित कुमार, श्री वीरेन्द्र सिंह रावत, श्रीमती दीपा बिष्ट, श्री अनुराग बैजवाल, श्री अशोक कुमार मैखुरी, श्री चेतन चौहान, श्री अनुज रावत, श्री दीपक सेमवाल, श्री हरीश जोशी, श्री शकील अहमद, श्री आशीष सिंह, श्री पूरन सिंह रावत, श्री रजत नेगी, श्री अनुराग त्रिपाठी, श्री रविन्द्र सिंह चौहान, श्री संजीत सिंह, श्री धर्मेश रावत, श्री राजेन्द्र सिंह, श्री पंकज शर्मा, श्री राहुल बिष्ट, श्री अजय जुगत्वान, श्री राजेन्द्र सिंह, श्री बृजेश जोशी, श्री महेश प्रसाद कोठारी, श्री राहुल सैनी, श्री सुमित सैनी, श्री जीसुख चौधरी, श्री कुलदीप सिंह राणा, श्री यशपाल सिंह चौहान, श्री प्यारेलाल डंगवाल, श्री हिमांशु सक्सेना, श्री आनन्द डिमरी, श्री धर्मेन्द्र सिंह चौहान, श्री कुशराज सैनी, श्री अंकित सुन्दरियाल, श्री गणेश प्रसाद चमोली, श्री नरेन्द्र दत्त, श्री योगेश डोबरियाल, श्री रविन्द्र बिष्ट, श्री प्रदीप बिष्ट, श्री नवल किशोर बिष्ट, श्री गौरव भण्डारी, श्री जगदीश बिष्ट, श्री नीरज भण्डारी, श्री दर्शन सिंह कठायत, श्री तनवीर आलम, श्रीमती नेहा मैन्दोलिया, श्री मनोज, श्री धीरज हर्बोला, श्री रोहित सिंह दुग्ताल, श्री मोहित मिश्रा, श्री आशीष बुटोला, श्री अखिलेश सिंह राणा एवं श्री रविन्द्र भण्डारी द्वारा दी गयी आपत्तियाँ कि दिनांक 23.11.2021 से दिनांक 24.07.2022 एवं दिनांक 05.10.2024 से दिनांक 10.01.2025 की अवधि को Service break के रुप में प्रदर्शित किया गया है, जो अभिलेखीय तथ्यों एवं न्यायालय के आदेश के विपरीत है। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि अनुबन्ध की शर्तो का उल्लघंन करने के दृष्टिगत संविदा के रूप में तैनाती स्वतः ही समाप्त हो गयी थी। जिस कारण उल्लेखित दिनों को सेवा में गणना किया जाना सम्भव नही है तथा दिनांक 10.01.2025 तक को कार्यरत अवधि में सम्मिलित कर दिया गया है।

4. श्री दीपक कुमार, श्री गौरव कुमार, श्री आशुतोष शर्मा, श्री हरेन्द्र कुमार, श्री आशीष भारती, श्रीमती रजनी रावत, श्री सन्दीप असवाल, श्री आकाश मोहन, श्री प्रशान्त चन्दोला, श्री रविन्द्र चौहान, श्रीमती निवेदिता गुसांई, श्री पंकज जोशी एवं श्री सौरभ कुमार द्वारा दी गयी आपत्तियाँ कि महोदय से प्रार्थना है कि मेरी सेवा का दिनांक 24.06.2013 से 10.01.2025 तक सतत (Continuous) रुप से मान्य किया जाए। जिसमें विशेष रुप से दिनांक 07.01.2022 से 25.01.2022 की अवधि तथा दिनांक 25.01.2022 से 26.07.2022 की यथास्थिति अवधि को सेवा के रुप में जोड़ा जाय साथ ही दिनांक 05.10.2024 से 10.01.2025 की अवधि को भी अन्य संविदा कनिष्ठ अभियन्ताओं की भांति समानता के आधार पर सम्मिलित किया जाए। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि मा0 उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुसार वास्तविक रूप से कार्यरत अवधि की गणना करते हुए वरिष्ठता सूची तैयार की जानी है। जिस कारण Continuous गणना किया जाना सम्भव नही है व अनुबन्ध की शर्तो का उल्लंघन करने के दृष्टिगत संविदा स्वतः ही समाप्त हो गयी थी। जिस कारण उल्लेखित दिनों को सेवा में गणना किया जाना सम्भव नही है तथा दिनांक 10.01.2025 तक को कार्यरत अवधि में सम्मिलित कर दिया गया है।

5. श्री दिनेश सिंह बिष्ट द्वारा दी गयी आपत्तियाँ कि आपके सन्दर्भित पत्र में उल्लिखित 229 संख्या के कमांक संख्या–38 से 41 तक के कनिष्ठ अभियन्ता की वास्तविक रुप से कार्यरत अवधि (10 साल, 10 माह, 7 दिन) एक समान है, अतः कार्यरत अवधि एक समान होने पर जन्म तिथि को वरीयता प्रदान करते हुए, मेरी वरिष्ठता सूची में संशोधन करने का कष्ट करें। प्रार्थी द्वारा हड़ताल के बाद राजकीय कार्यों के सम्पादन हेतु योगदान करने पर प्रार्थी द्वारा 19

दिनों की सेवा अवधि को देखते हुए सेवा में अन्तराल (Break) की अवधि में घटाते हुए वास्तविक रुप से कार्यरत अवधि में जोड़कर संशोधित करते हुए वरिष्ठता सूची बनाई जाय। कमांक–संख्या– 35 एवं कमांक–16 में कनिष्ठ अभियन्ता का सेवा में अन्तराल (Break) की अवधि कमश:–11 माह 22 दिन अंकित है, जबकि इनका वास्तविक अन्तराल की अवधि लगभग 663 दिन एवं कमांक संख्या–16 की 08 माह 08 दिन अंकित है, जबकि इनका वास्तविक अन्तराल की अवधि लगभग 372 दिन है। अतः अन्तराल (Break) की अवधि संशोधित करते हुए वरिष्ठत सूची बनाई जाय। प्रार्थी द्वारा 10 मार्च 2025 तक विभाग में अपनी सेवा की गई तदोपरान्त 4 मार्च 2025 को एकल खण्ड पीठ उच्च न्यायालय द्वारा अपने आदेश को संशोधित करने के उपरान्त एवं कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, व्यवस्थापन घ वर्ग उत्तराखण्ड देहरादून के पत्रांक–216/196 व्यध–सामान्य/17 दिनांक 10.03.2025 के अनुसार प्रार्थी की सेवा को रोक दिया गया। अतः महोदय प्रार्थी की सेवा 10 मार्च 2025 तक जोड़ते हुए वरिष्ठता सूची बनाई जाय। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि जन्म तिथि के अनुसार वरीयता संशोधित कर दी गयी है व अनुबन्ध की शर्तो का उल्लंघन करने के दृष्टिगत संविदा स्वतः ही समाप्त हो गयी थी। जिस कारण उल्लेखित दिनों को सेवा में गणना किया जाना सम्भव नही है व पुनः गणना करने के उपरान्त कमांक 16 में अंकित श्री संजय सिंह कनवाल की ब्रेक अवधि 01 साल 08 दिन एवं कमांक 35 में अंकित श्रीमती अंजली की ब्रेक अवधि 01 साल 09 माह 03 दिन संशोधित कर दी गयी है तथा मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये आदेशों के अनुसार गणना 10.01.2025 तक की जानी है।

6. श्री सतीश कुमार द्वारा दी गयी आपत्तियों कि प्रार्थी का नाम वरिष्ठता सूची में कमांक 43 में अंकित है। जिसमें योगदान की तिथि 13.03.2013 अंकित की गयी है। जबकि विभाग में योगदान की तिथि 12.03.2013 है। अतः महोदय से निवेदन है कि मेरी योगदान तिथि में संशोधन करने की कृपा करें। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि योगदान की तिथि सशोधित कर दी गयी है।

7. श्री ईशांक कन्सवाल द्वारा दी गयी आपत्तियों कि मेरी सेवा में अन्तराल की अवधि 1 माह से अधिक दशाई गई है। जो कि निम्नानुसार है। महोदय, प्रार्थी ने विभाग में अपनी योगदान 21.06.2013 में नि0ख0, लो0नि0वि0, बड़कोट उत्तरकाशी में दिया गया था, जिसमें वर्ष 21.06.13 से 20.06.14 में सेवा ब्रेक की अवधि 01 दिन का गैप वर्ष 22.06.14 से 21.06.15 के आगे उल्लेख करने के साथ–साथ प्रथम वर्ष 21.06.13 से 20.06.14 के आगे भी 01 दिन का गैप दर्शाया दिया गया है। जो की स्वय मे ही त्रुटिपूर्ण है। महोदय, मेरे द्वारा दि0 17.11.21 से 06.01.22 तक हड़ताल में प्रतिभाग किया गया था, जिसके उपरान्त मेरे द्वारा नि0ख0, लो0नि0वि0, चम्बा में दि0 07.01.2022 को योगदान प्रस्तुत किया गया था। जिसके पश्चात् कार्यालय अधिशासी अभि0 नि0ख0, लो0नि0वि0, चम्बा के पत्र सं0–337/3 ई0 दि0 07.02.2022 पत्र संलग्न द्वारा कार्यमुक्त किया गया था। महोदय, अवगत कराना है कि प्रार्थी को उक्त अवधि दि0 07.01.22 से 06.02.22 में विभाग अन्तर्गत किये गये कार्य अवधि का वेतन भी आहरित है। अतः महोदय, से विनम्र निवेदन है कि प्रार्थी की सेवा में अन्तराल की अवधि का आंकलन पुनः किया जाना उचित प्रतीत होता है। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि सेवा की गणना पुनः करने पर प्रख्यापित वरिष्ठता सूची में अंकित अवधि सही पायी गयी है तथा अनुबन्ध की शर्तो की उल्लंघन करने के दृष्टिगत संविदा स्वतः ही समाप्त हो गयी थी। जिस कारण उल्लेखित दिनों को सेवा में गणना किया जाना सम्भव नही है तथा दिनांक 10.01.2025 तक को कार्यरत अवधि में सम्मिलित कर दिया गया है।

8. श्री सुनील प्रसाद द्वारा दी गयी आपत्तियों कि वरिष्ठता सूची दिनांक 30.10.2025 में प्रदर्शित त्रुटियां में दिनांक 16.11.2021 से दिनांक 25.07.2022 तक एवं दिनांक 05.10.2024 से दिनांक 10.01.2025 की अवधि को Service break के रुप में प्रदर्शित किया गया है, जो अभिलेखीय तथ्यों एवं न्यायालय के आदेश के विपरीत है। वरिष्ठता सूची के कमांक 65 एवं 66 की जन्म तिथियां कमशः 15.06.1989 एवं 04.06.1986 है। कमांक संख्या–56 से 63 तक के कनिष्ठ अभियन्ता की वास्तविक रुप से कार्यरत अवधि (10 वर्ष 07 माह 01 दिन) एक समान है। अतः कार्यरत अवधि एक समान होने पर जन्मतिथि को वरीयता प्रदान करते हुए, मेरी वरिष्ठता सूची में संशोधन करने का कष्ट करें। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि अनुबन्ध की शर्तो का उल्लघंन करने के दृष्टिगत संविदा के रूप में तैनाती स्वतः ही समाप्त हो गयी थी। जिस कारण उल्लेखित दिनों को सेवा में गणना किया जाना सम्भव नही है व दिनांक 10.01.2025 तक को कार्यरत अवधि में सम्मिलित कर दिया गया है तथा वरिष्ठता सूची में जन्मतिथि को वरीयता प्रदान कर दी गयी है।

9. श्रीमती दीक्षा नेगी द्वारा दी गयी आपत्तियों कि वरिष्ठता सूची में दिनांक 07.01.22 से दिनांक 06.02.2022 तक की सेवा नही जोड़ी गयी है। जबकि महोदय, अवगत कराना है कि हड़ताल के पश्चात् मेरे द्वारा दिनांक 07.01.22 को नि0ख0, लो0नि0वि0, चम्बा में योगदान आख्या प्रस्तुत की गयी थी। कार्य अवधि का वेतन भी आहरित है। अतः

महोदय आपसे अनुरोध है कि मेरी सेवा अवधि में दिनांक 07.01.2022 से 06.02.2022 तक एक माह की सेवा को जोड़ने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने की कृपा कीजिएगा। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि अनुबन्ध की शर्तो का उल्लघंन करने के दृष्टिगत संविदा के रूप में तैनाती स्वतः ही समाप्त हो गयी थी। जिस कारण उल्लेखित दिनों को सेवा में गणना किया जाना सम्भव नही है तथा दिनांक 10.01.2025 तक को कार्यरत अवधि में सम्मिलित कर दिया गया है।

10. श्री भूपाल सिंह द्वारा दी गयी आपत्तियों कि मा0 उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड नैनीताल के द्वारा दिनांक 11.06.2025 को पारित किये गये आदेश के कम में सभी कनिष्ठ अभियन्ता संविदा को नियमितीकरण हेतु प्रत्यावेदन प्रस्तुत करने के लिए आदेशित किया गया था। जिसके कम में प्रार्थी द्वारा भी अपना प्रत्यावेदन विभाग में प्रस्तुत किया गया था। जिसमें प्रार्थी हडताल में 23.11.2021 को उपस्थित हुआ परन्तु प्रार्थी द्वारा त्रुटिवश अपने प्रत्यावेदन में 16.11.2021 से हड़ताल अवधि अंकित हो गयी है। जिस कारण प्रार्थी के कार्यदिवसों की संख्या कम होने के कारण प्रार्थी की ज्येष्ठता सूची में कमांक 79 हो गयी है। जो की गलत है।अनन्तिम वरिष्ठता सूची दिनांक 30.10.2025 में प्रदर्शित त्रुटियां दिनांक 16.11.2021 से दिनांक 25.07.2022 व दिनांक 05.10.2024 से दिनांक 10.01.2025 की अवधि को Service break के रुप में प्रदर्शित किया गया है, जो अभिलेखीय तथ्यों एवं न्यायालय के आदेश के विपरीत है। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि खण्ड से उपलब्ध आख्यानुसार 16.11.2021 से अवकाश में एवं तदोपरान्त हड़ताल में सम्मिलित थें व अनुबन्ध की शर्तो का उल्लघंन करने के दृष्टिगत संविदा के रूप में तैनाती स्वतः ही समाप्त हो गयी थी। जिस कारण उल्लेखित दिनों को सेवा में गणना किया जाना सम्भव नही है तथा दिनांक 10.01.2025 तक को कार्यरत अवधि में सम्मिलित कर दिया गया है।

11. श्री अमरदीप द्वारा दी गयी आपत्तियों कि प्रार्थी अपनी आपत्ति निम्न रुप से दर्ज कर रहा है। महोदय वरिष्ठता सूची में प्रार्थी के सेवा का अन्तराल 11 माह 21 दिन प्रदर्शित किया गया है। यद्यपि दिनांक 05.10.2024 एवं दि0 10.01.2025 (Cut of date) के मध्य अन्तराल को माननीय उच्च न्यायालय में चर्चा के दौरान सम्मिलित करने की महति कृपा कीजिएगा। महोदय, अवगत कराना है कि प्रार्थी की क0सं0 088 (अमरदीप) पर अंकित 260 दिन है। एवं 1. कस0 078 (हरेन्द्र कुमार)–627 दिन 2. क0सं0–058 (गौरव कुमार)–281 दिन 3. क0सं0–064 (दीपक कुमार–309 दिन 4. क0सं0–074 (श्रीजय कुमार–315 दिन), 5. क0सं0 087 (नीरज कुमार)–261 दिन है। यदि दि0 05.10.2024 एवं दि0 10.01.2025 (Cut of date) के मध्य अन्तराल को ब्रेक मान भी लिया जाय, इसके पश्चात भी अन्तराल से अत्यधिक ही है। महोदय, क्योंकि चयन का आधार मैरिट था जिसमें प्रार्थी का मैरिट सूची में ज्येष्ठ होने के कारण प्रार्थी उक्त पांचों कार्मिकों से ज्येष्ठ है। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि दिनांक 10.01.2025 तक को कार्यरत अवधि में सम्मिलित कर दिया गया है व उल्लेखित कार्मिकों की सेवा अवधि की गणना को संशोधित कर दिया गया है तथा मा0 उच्च न्यायालय द्वारा योगदान की तिथि से वरिष्ठता सूची तैयार किये जाने के निर्देश दिये गये है।

12. श्री चण्डी प्रसाद भट्ट द्वारा दी गयी आपत्तियों कि महोदय मेरी ब्रेक की अवधि 17.11.2021 से 25.07.2022 तक 251 दिन, सेवा में अनुबन्ध ब्रेक प्रति वर्ष के हिसाब से 9 दिन एवं मा0 उच्च न्यायालय के आदेश के बिन्दु 07वीं के कम में कट ऑफ 10.01.2025 को मानते हुए 05.09.2024 से 10.01.2025 तक 95 दिन कुल ब्रेक (251 +9+95+= 255 दिन) जो कि 11 माह 21 दिन होते है, किन्तु आपके कार्यालय पत्रांक–1129 /196 व्यध– सामान्य /17 दिनांक 30.10.2025 को दी गई सूचना में ब्रेक की अवधि 11 माह 23 दिन अंकित किया गया है। जो कि गलत है। अतः महोदय से निवेदन है कि मेरे प्रार्थना पत्र पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर सेवा में ब्रेक की अवधि का सही आकलन कर सूची सही कराने की कृपा करें। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि दिनांक 10.01.2025 तक को कार्यरत अवधि में सम्मिलित कर दिया गया है।

13. श्रीमती संध्या द्वारा दी गयी आपत्तियों कि मेरी नियुक्ति तिथि 12.06.13 है, जो आपके पत्र 1129/196 व्यध–सामान्य/17 दिनांक 30.11.25 के अनुसार 13.06.13 अंकित है। आपत्ति का निराकरण करने की कृपा करें। रिट याचिका संख्या–1897/2024 के कम में मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा दिनांक 20.11.2024 को पारित आदेश के बिन्दु संख्या–12 के कम में संविदा कनिष्ठ अभियन्ताओं की ज्येष्ठता सूची के अनुसार मै (श्रीमती संध्या) की सेवा में ब्रेक की कुल अवधि कम संख्या–89 में 238 दिन अंकित की गयी है जबकि उपरोक्त विषयक सूची में मेरी ब्रेक अवधि अत्यधिक अंकित है इस सूची में कम संख्या–87 के श्री अमरदीप कम संख्या–88 व 89 में श्री चण्डी प्रसाद भट्ट व श्री राजेन्द्र सिंह की सेवा में ब्रेक की कुल अवधि 260, 262 व 260 दिन अंकित है, जिसके तुलना में मेरे कार्य के ब्रेक की अवधि कम है फिर भी मेरी ज्येष्ठता इनसे नीचे 90 कमांक पर अंकित है। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त

अवगत कराना है कि नियुक्ति तिथि 12.06.2013 अंकित कर दी गयी है तथा पुनः गणना के उपरान्त क्रमांक 87 में अंकित श्री अमरदीप, क्रमांक 88 में अंकित श्री चण्डी प्रसाद भट्ट एवं क्रमांक 89 श्री राजेन्द्र सिंह की गणना सही पायी गयी है।

14. श्री विरेन्द्र सिंह दानू द्वारा दी गयी आपत्तियों कि प्रार्थी विरेन्द्र सिंह दानू पुत्र श्री हिम्मत सिंह दानू अपना आपत्ति पत्र निम्न आपत्तियों के साथ प्रस्तुत कर रहा है। दिनांक 07.01.2022 से 25.01.2022 तक कुल 19 दिनों की सेवा अवधि का तथाकथित सेवा अवरोध। 2. दिनांक 26.01.2022 से 24.07.2022 (कार्यालय प्रमुख अभियन्ता के पत्रांक 655/61 (3)व्यप (196) व्यप–सामान्य/17 दिनांक 22.07.2022 के सापेक्ष) तक कुल 179 दिनों की सेवा अवधि का तथाकथित सेवा अवरोध। दिनांक 05.10.2024 से Cut off date 10.01.2025 तक के दिनों की सेवा अवधि का तथाकथित सेवा अवरोध। प्रत्यावेदन नं0–02 प्रार्थी द्वारा दिनांक 11.11.2025 को आपत्तियों निराकरण हेतु प्रार्थना पत्र आपके कार्यालय में प्रस्तुत की गई है परन्तु मेरे द्वारा भूलवस एक आपत्ति छूट जाने के कारण मैं पुनः प्रार्थना पत्र प्रेषित कर रहा हूं। महोदय कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड के पत्रांक संख्या– 493/61 व्यप–सामान्य/13 दिनांक 12.06.2013 से मुझे नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ और मुझे लोक निर्माण विभाग पिथौरागढ़ में प्रथम बार तैनाती दी गई है जिसमें मुझे दिनांक 12.06.2013 से 01.07.2013 तक कुल 20 दिन का समय के कारण 20 दिनों का समय मेरी वरिष्ठता प्रभावित कर रहा है। अतः महोदय उक्त 20 दिनों को मेरी सेवा अवधि में जोड़कर अनन्तिम वरिष्ठता सूची संशोधित कराने की कृपा करें। अतः महोदय आपसे विनम्र अनुरोध है कि मेरे द्वारा प्रेषित दोनों प्रार्थना पत्रों में दर्ज सभी आपत्तियों को भली–भांति देखते हुए आवश्यक कार्यवाही करें। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि अनुबन्ध की शर्तों का उल्लघंन करने के दृष्टिगत संविदा के रूप में तैनाती स्वतः ही समाप्त हो गयी थी। जिस कारण उल्लेखित दिनों को सेवा में गणना किया जाना सम्भव नही है व दिनांक 10.01.2025 तक को कार्यरत अवधि में सम्मिलित कर दिया गया है व विभाग में योगदान की तिथि से गणना की जानी है। अतः पूर्व की सेवा जोडा जाना सम्भव नही है तथा आपत्ति स्वीकार्य नही है, गणना विभाग में योगदान की तिथि से की जानी है।

15. श्री नरेन्द्र सिंह द्वारा दी गयी आपत्तियों कि वरिष्ठता सूची के उक्त तालिका के कॉलम नं0–7 सेवा अन्तराल में ब्रेक की अवधि जो कि मुझे गलत प्रतीत हो रहा है। जिस पर मुझे आपत्ति है एवं कुछ बिन्दुओं को मैं आपके समक्ष रखना चाहता हूं कि वरिष्ठता सूची मैरिट अनुसार बनाई जानी चाहिए क्योंकि पूर्व में नियुक्ति से वरिष्ठता मैरिट अनुसार ही थी, परन्तु आपदा 2013 की वजह से सड़कों के बन्द होने के कारण एवं मेरे गृह जनपद बरेली के दुर्गम क्षेत्र कपकोट से काफी दूर होने के कारण मैंने सबसे देर में ज्वाइन कर पाया परन्तु इससे मेरा वरिष्ठता सूची में अन्तिम स्थान पर आना न्यायोजित नही है। दि0 07.01.2022 को तत्कालीन खण्ड में योगदान दिया गया था। जो दि0 25.01.2012 के पत्र द्वारा समाप्त की गई थी एवं मुझे उसकी सैलरी भी प्रदान की गई है अतः उक्त अवधि 19 दिन के अवधि की सेवा अवधि को नही लिया गया। महोदय पूर्व में विभाग द्वारा बनाई गई वरिष्ठता सूची माननीय उच्च न्यायालय नैनीताल गई में कुछ अभियन्ताओं जिनका कमांक संख्या– 10, 20, 30, 36, 64, 68, 73, 74, 78, 94, 97 है। (दि0 20.11.2024 की अवधि 400 से 600 दिन तक है। में काफी ब्रेक दिखाया गया। किन्तु वर्तमान की वरिष्ठता सूची में वो अवधि कम कर दी गई जो स्पष्ट एवं न्योचित नही है। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि मा0 उच्च न्यायालय द्वारा योगदान की तिथि से वरिष्ठता सूची तैयार किये जाने के निर्देश दिये गये है जिस कारण विचार किया जाना सम्भव नही है। 2. अनुबन्ध की शर्तो का उल्लंघन करने के दृष्टिगत संविदा स्वतः ही समाप्त हो गयी थी। जिस कारण उल्लेखित दिनों को सेवा में गणना किया जाना सम्भव नही है। 3. बिन्दु संख्या 03 में उल्लेखित कमांक संख्या– 10, 20, 30, 36, 64, 68, 73, 74, 78, 94, 97 में अंकित कार्मिक की पुनः सेवा की गणना के उपरान्त कमांक 10, 20, 68, 78, 97 को संशोधित कर दिया गया है एवं कमांक 36, 64, 73, 74, 94 सही पाये गये है व कमांक 30 वर्तमान में विभाग में नही है।

16. श्री सुभाष कुमार द्वारा दी गयी आपत्तियों कि अवगत कराना है कि मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल के खण्डपीठ द्वारा दिनांक 11.06.2025 के फेसले में नियमितिकरण हेतु प्रत्योवदेन देने की दि0 30.06.2025 तक तय की गई थी, परन्तु प्रार्थी का स्वास्थ्य खराब होने के कारण मैं अपना प्रत्यावेदन उक्त तिथि को विभाग में जमा नही कर पाया। तत्पश्चात् दिनांक 09.07.2025 को मैंने अपना प्रत्यावेदन स्पीड पोस्ट के माध्यम से आपके कार्यालय में प्रस्तुत किया था। लेकिन मेरे द्वारा समयावृद्धि (Time Extention) हेतु प्रार्थना पत्र मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल में लगाई गई थी। जिसका निर्णय 06.11.2025 रिट संख्या– 1475/2024 जिसमें मैं पिटिशियन नं0–8 पर अंकित हूँ। पुनः एक हफ्ते का समय दिया गया है, इसलिये मैं आपकी सेवा में अपना प्रत्योवदन प्रस्तुत कर रहा हूँ। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त

अवगत कराना है कि शासन द्वारा दिये गये निदेशों के कम में वरिष्ठता सूची में श्री सुभाष कुमार का नाम अंकित कर दिया गया है।

17. श्री सुरेश भट्ट एवं श्री अरुण प्रकाश द्वारा दी गयी आपत्तियों कि प्रार्थी द्वारा निम्न आपत्तियों व्यक्त की जा रही है महोदय दिनांक–07.01.2022 को योगदान के उपरान्त दिनांक 25.01.22 तक प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, टिहरी कार्य किया गया है। मेरी सेवायें कुल 19 दिन नही जोडी गयी है,। महोदय, मेरे द्वारा दिनांक 10.03.25 तक निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, पावौ (पौडी गढ़वाल) में विभागीय कार्य सम्पादित किये गये है जिसका मानदेय भुगतान भी किया गया है, जबकि आपके कार्यालय के कार्यालय ज्ञाप में मेरी सेवायें दि0 10.03.25 तक नही जोड़ी गयी है। महोदय आपके कार्यालय ज्ञाप के वरिष्ठता सूची में क0सं0–35 में अंकित कनिष्ठ अभियन्ता (संविदा) का सेवा का अन्तराल (ब्रेक) की अवधि 11 माह 22 दिन दर्शाया गया है जबकि माननीय उच्च न्यायालय नैनीताल में आपके कार्यालय द्वारा दिनांक 20.11.24 को वरिष्ठता सूची में क0सं0–35 में सेवा का अन्तराल (ब्रेक) की अवधि 663 दिन प्रेषित किया गया था। महोदय, आपके कार्यालय ज्ञाप के वरिष्ठता सूची में क0सं0–82 में अंकित कनिष्ठ अभियन्ता (संविदा) का सेवा का अन्तराल (ब्रेक) की अवधि 11 माह 22 दिन दर्शाया गया है। जबकि माननीय उच्च न्यायालय नैनीताल में आपके कार्यालय द्वारा दि0 20.11.24 को वरिष्ठता सूची में क0सं0– 82 में सेवा का अन्तराल (ब्रेक) की अवधि 627 दिन प्रेषित किया गया था। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि अनुबन्ध की शर्तो का उल्लघंन करने के दृष्टिगत संविदा के रूप में तैनाती स्वतः ही समाप्त हो गयी थी। जिस कारण उल्लेखित दिनों को सेवा में गणना किया जाना सम्भव नही है व मा0 उच्च न्यायालय द्वारा 10.01.2025 तक सेवा जोडते हुए वरिष्ठता सूची तैयार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है, जिस कारण दिनांक 11.03.2025 तक सेवा जोडा जाना सम्भव नही है। पुनः गणना करने के उपरान्त कमांक 35 में अंकित श्रीमती अंजली की ब्रेक अवधि 01 साल 09 माह 03 दिन संशोधित कर दी गयी है तथा पुनः गणना करने के उपरान्त कमांक 82 में अंकित श्री हरेन्द्र सिंह की ब्रेक अवधि 01 साल 21 दिन संशोधित कर दी गयी है।

18. श्री अजय पंवार द्वारा दी गयी आपत्तियों कि प्रार्थी द्वारा निम्न आपत्तियों व्यक्त की जा रही है महोदय दिनांक 07.01.2022 को योगदान के उपरान्त दिनांक 25.01.22 तक प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, टिहरी कार्य किया गया है। मेरी सेवायें कुल 19 दिन नही जोडी गयी है, उपरोक्त अवधि में मेरे द्वारा माप पुस्तिका में निर्माण कार्यों का बिल भुगतान किया गया है। महोदय, मेरे द्वारा दिनांक 10.03.25 तक निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, पावौ (पौडी गढ़वाल) में विभागीय कार्य सम्पादित किये गये है एवं दिनांक 10.03.25 तक का खण्ड द्वारा मानदेय का भुगतान किया गया है, जबकि आपके कार्यालय के कार्यालय ज्ञाप में मेरी सेवायें दि0 10.03.25 तक नही जोड़ी गयी है। महोदय आपके कार्यालय ज्ञाप के वरिष्ठता सूची में क0सं0–35 में अंकित कनिष्ठ अभियन्ता (संविदा) का सेवा का अन्तराल (ब्रेक) की अवधि 11 माह 22 दिन दर्शाया गया है जबकि माननीय उच्च न्यायालय नैनीताल में आपके कार्यालय द्वारा दिनांक 20.11.24 को वरिष्ठता सूची में क0सं0–35 में सेवा का अन्तराल (ब्रेक) की अवधि 663 दिन प्रेषित किया गया था। महोदय, आपके कार्यालय ज्ञाप के वरिष्ठता सूची में क0सं0–82 में अंकित कनिष्ठ अभियन्ता (संविदा) का सेवा का अन्तराल (ब्रेक) की अवधि 11 माह 22 दिन दर्शाया गया है। जबकि माननीय उच्च न्यायालय नैनीताल में आपके कार्यालय द्वारा दि0 20.11.24 को वरिष्ठता सूची में क0सं0–82 में सेवा का अन्तराल (ब्रेक) की अवधि 627 दिन प्रेषित किया गया था। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि अनुबन्ध की शर्तो का उल्लघंन करने के दृष्टिगत संविदा के रूप में तैनाती स्वतः ही समाप्त हो गयी थी। जिस कारण उल्लेखित दिनों को सेवा में गणना किया जाना सम्भव नही है व मा0 उच्च न्यायालय द्वारा 10.01.2025 तक सेवा जोडते हुए वरिष्ठता सूची तैयार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है, जिस कारण 11.03.2025 तक सेवा जोडा जाना सम्भव नही है व पुनः गणना करने के उपरान्त कमांक 35 में अंकित श्रीमती अंजली की ब्रेक अवधि 01 साल 09 माह 03 दिन संशोधित कर दी गयी है तथा पुनः गणना करने के उपरान्त कमांक 82 में अंकित श्री हरेन्द्र सिंह की ब्रेक अवधि 01 साल 21 दिन संशोधित कर दी गयी है।

19. श्री योगेश चन्द्र चौबे एवं श्री मनोज बिष्ट द्वारा दी गयी आपत्तियों कि कनिष्ठ अभियन्ता सिविल (संविदा) क पद पर प्रार्थी की नियुक्ति डिप्लोमा में प्राप्तांको के श्रेष्ठता (मेरिट) के आधार पर हुई थी व जुलाई 2024 तक जो भी सेवा विस्तार दिया गया वह भी डिप्लोमा में प्राप्तांकों के श्रेष्ठता (मेरिट) के आधार पर ही दिया गया था। परन्तु वर्तमान में वरिष्ठता सूची वास्तविक रुप से कार्यरत अवधि के अनुसार तैयार की गई है। अतः निवेदन है कि वरिष्ठता सूची वास्तविक रुप से कार्यरत अवधि के स्थान पर श्रेष्ठता (मेरिट) के अनुसार तैयार करने की कृपा कीजिए। कनिष्ठ अभियन्ता सिविल (संविदा) के पद पर प्रार्थी की नियुक्ति के समय व जब–जब सेवा विस्तार हुआ तब प्रार्थी के विभाग के साथ गठित अनुबन्ध में यह प्राविधान निहित था कि प्रार्थी के अनुबन्ध की समयावधि पूर्ण होने से पहले यदि प्रार्थी की सेवा समाप्त की जाती है। तो प्रार्थी को एक माह पूर्व नोटिस दिया जाएगा। परन्तु विभाग द्वारा ऐसा नही किया

गया व प्रार्थी को अनुबन्ध की समयावधि पूर्ण होने से पूर्व व बिना कोई नोटिस दिए प्रार्थी की सेवा समाप्त कर दी गई अतः महोदय से निवेदन है कि प्रार्थी की सेवा में एक माह का नोटिस Notice period भी जोड़ने की कृपा कीजिए।प्रार्थी द्वारा दिनांक 15.11.2021 से दिनांक 06.02.22 तक हड़ताल पर जाने के उपरान्त दिनांक 07.02.22 को अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, बेरीनाग में योगदान आख्या प्रस्तुत कर दी गई थी परन्तु विभाग द्वारा योगदान आख्या स्वीकार नही की गई। अतः महोदय से निवेदन है कि मैरिट को आधार मानकर वरिष्ठता सूची तैयार कर विभाग में नियुक्ति देने की कृपा कीजिए। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश कि वास्तविक रूप से की गयी सेवा को जोड़ते हुए वरिष्ठता सूची तैयार की जानी है, जिस कारण मेरिट के आधार पर सूची तैयार किया जाना सम्भव नही है व सम्बन्धित कार्यवाही मा0 उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में की गयी है। जिस कारण नोटिस दिया जाना सम्भव नही था तथा अनुबन्ध की शर्तो का उल्लंघन करने के दृष्टिगत संविदा स्वतः ही समाप्त हो गयी थी। जिस कारण उल्लेखित दिनों को सेवा में गणना किया जाना सम्भव नही है।

20. श्री प्रदीप कुमार जोशी द्वारा दी गयी आपत्तियाँ कि प्रार्थी की अन्तिम ज्येष्ठता सूची के क्रमांक–167 में योगदान की तिथि 02.06.14 अंकित की गयी है। जबकि मेरे द्वारा विभाग में दिनांक 06.02.14 को योगदान दिया गया है। अतः उक्तानुसार ही मेरा ज्येष्ठता क्रम संशोधित करने की कृपा करें। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि वरिष्ठता सूची में योगदान की तिथि 06.02.2014 सेशोधित कर दी गयी है।

21. श्री पारस सिंह द्वारा दी गयी आपत्तियाँ कि प्रार्थी की ओर से निम्नलिखित आपत्तिया है जो कि प्रार्थी आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ। महोदय, प्रार्थी की नियुक्ति दिनांक 05.03.13 को कनिष्ठ अभियन्ता सिविल संविदा में हुई थी, जिसमें प्रार्थी पारस सिंह ने अपनी ड्यूटी सुचारु रुप से की है। जिसमें प्रार्थी की नियुक्ति लो0नि0वि0, बैजरो में हुई थी। जिसमें प्रार्थी ने 15.03.2013 से लगातार दिनांक 28.01.21 तक कुल 06 दिन का ब्रेक लेते हुए कार्य किया था। तत्पश्चात् प्रार्थी का दिनांक 28.01.21 को राष्ट्रीय राजमार्ग श्रीनगर में स्थानान्तरण हुआ जहां पर प्रार्थी ने दिनांक 29.01.2021 से दिनांक 16.11.2021 तक सुचारु रुप से अपना कार्य पूर्ण किया तत्पश्चात् प्रार्थी दिनांक 16.11.2021 से दिनांक 06.01.2022 तक कुल 52 दिन तक हड़ताल अवधि में रहा। इसके पश्चात् 07.01.2 को हड़ताल समाप्ति के पश्चात् प्रार्थी द्वारा पुनः अपना योगदान राष्ट्रीय राज मार्ग खण्ड लो0नि0वि0, श्रीनगर में दिया गया जहां पर प्रार्थी ने 25.01.22 तक कार्य किया। उसके पश्चात् आपके पत्रांक प्रमुख अभियन्ता पत्रांक संख्या– 63/01/61(3) व्यध–सा0/18 दिनांक 25.01.2022 द्वारा यथा स्थिति हेतु निर्देशित किया गया। जिसके अनुपालन में प्रार्थी दिनांक 26.01.22 से दिनांक 16.08.23 तक कुल 567 दिन एक 01 वर्ष 06 माह 18 दिन आपके द्वारा यथा स्थिति में रखा गया है। साथ ही विभाग द्वारा कोई सेवा समाप्ति का आदेश पारित नही किया गया। उसके पश्चात् दिनांक 17.08.23 को पुनः लो0नि0वि0 गैरसैण में नियुक्त कर दी गयी। जिसमें प्रार्थी द्वारा दिनांक 17.08.23 से दिनांक 16.07.24 तक कार्य किया गया। जिसमें कि प्रार्थी को नो वर्क नो प में रखा गया। उसके पश्चात् विभाग द्वारा 16.01.24 के बाद प्रार्थी का सेवा विस्तार नही किया गया जिस कारण प्रार्थी द्वारा दिनांक 05.09.24 को माननीय उच्च न्यायालय नैनीताल में मुकदमा दर्ज किया गया था। ऊपर दिये गये कथनों के अनुसार प्रार्थी की आपके द्वारा ब्रेक अवधि की गणना गलत की गई है जबकि आपके द्वारा प्रार्थी की यथास्थिति के कार्यो के दिनों को ब्रेक में सम्मिलित किया गया है जोकि न्यायोचित नही है। इसमें प्रार्थी की आपत्ति है। महोदय, प्रार्थी के प्रथम ज्वाईनिंग में प्रार्थी को आरक्षित कोटा सामान्य कुशल खिलाड़ी में लिया गया था। परन्तु वर्तमान समय में अपने आरक्षित कोटे को कोई महत्व नही दिया जबकि उत्तराखण्ड में खिलाडियों के लिए नौकरी मे 4 प्रतिशत का कोटा आरक्षित है। जो कि उत्तराखण्ड खेल मंत्री श्रीमती रेखा आर्या द्वारा किया गया है। जिसमें माननीय मुख्यमंत्री की सहमति भी सम्मिलित है। प्रार्थी को इसमें भी आपत्ति है। महोदय आपके पत्रांक– 469/5040 वि0प्र0/2024 दिनांक 29.03.25 में आपके विभाग द्वारा वरीयता सूची भर्ती के तिथि से ली जाती है। जो कि माननीय न्यायालय द्वारा भी पारित की गई है। जिसमें प्रार्थी का 15 वाँ स्थान था। परन्तु विभाग द्वारा पुनः मैरिट को आधार मानते हुए सूची बनाई गई है। जिसमें कि प्रार्थी का सिरियल नं0– 170 स्थान पर है। जिस पर प्रार्थी को आपत्ति है। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम में वरिष्ठता सूची वास्तविक रूप से कार्यरत अवधि की गणना करते हुए बनायी जानी। तदनुसार प्रार्थी की वरिष्ठता निर्धारित की गयी है।

22. श्रीमति पुनम चौहान द्वारा दी गयी आपत्तियाँ कि प्रार्थिनी कनिष्ठ अभियन्ता संविदा (सिविल) के पद पर दिनांक 12.06.13 को नियुक्त हुई थी, के अनुपालन में 26.06.13 को प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, उत्तरकाशी में योगदान आख्या दी गयी, निरन्तर उत्कृष्ट विभागीय सेवा के पश्चात् अपनी संवैधानिक मांगों को लेकर दिनांक 16.11.2021 को सभी उत्तराखण्ड के कनिष्ठ अभियन्ता संविदा (सिविल) के साथ हड़ताल पर गयी थी, लेकिन विभग द्वारा सभी

कनिष्ठ अभियन्ताओं को हड़ताल करने की वजह से कुछ समय तक नियुक्ति नही दी गयी तत्पश्चात् आपके कार्यालय पत्रांक– 655/61(3) व्यप–सामान्य /17 दिनांक 22.07.2022 को वरिष्ठता के आधार पर वर्ष 2013 के सभी, कुछ वर्ष 2014 के कनिष्ठ अभियन्ता सिविल को पुनः नियुक्ति दे गयी और प्रार्थिनी को इनके साथ नियुक्ति नही दी गयी जबकि प्रार्थिनी भी वर्ष 2013 में नियुक्त हुई थी और आतिथि तक किसी भी प्रकार की मेरे विरुद्ध लापरवाही एवं विभागीय कार्यवाही अमल में नहीं है। उक्त के सम्बन्ध में विभाग को कई बार अवगत कराया गया तत्पश्चात् विभाग द्वारा दिनांक 10.08.2023 को पुनः नियुक्ति दी गयी जिससे प्रार्थिनी की आपके द्वारा उक्त कार्यालय ज्ञाप में निर्धारित वरिष्ठता क्रमांक–171 नाम श्रीमती पूनम चौहान नियुक्ति दिनांक 12.06.2013 होने पर भी नियुक्ति वर्ष 2014 के कुछ कनिष्ठ अभियन्ताओं को वरिष्ठता सूची में प्रार्थिनी से ऊपर रखा गया है जो कि अन्याय, गलत त्रुटिपूर्ण एवं अस्वीकार्य है। जिसकी प्रार्थिनी आपत्ति करती है। महोदय मा0 उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड नैनीताल में दायर रिट याचिका 1897/एस0एस0/2024 हरीश जोशी बनाम उत्तराखण्ड व अन्य में, विशेष अपील सं0–24/2025 में भी स्पष्ट निर्देश है कि पूर्व में नियुक्त, वरिष्ठता, लम्बी अवधि तक सेवा करने वालों का ध्यान रखा जाए और यह भी निर्देश दिये गये है यदि नियमितिकरण होता है तो दिनांक 10.01.2025 से दिनांक 04.03.2025 की अवधि को ड्यूटी पर बतायी गये अवधि माना जाए, प्रार्थीनी को इस अवधि को भी नही जोड़ा गया है। अतः अनुरोध है कि प्रार्थीनी विभाग में वर्ष 2013 से नियुक्त है। जिस कारण महोदय वर्ष 2014 के नियुक्त सभी कनिष्ठ अभियन्ताओं से ऊपर प्रार्थिनी की वरिष्ठता निर्धारित कर आपति का निस्तारण करने की कृपा करें। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम में वरिष्ठता सूची वास्तविक रूप से कार्यरत अवधि की गणना करते हुए बनायी जानी है। तदनुसार प्रार्थिनी वरिष्ठता निर्धारित की गयी है।

23. श्री आदित्य धनराज सिंह द्वारा दी गयी आपत्तियों कि मेरा क्रमांक–176 तथा प्रदीप रावत का क्रमांक 175 है। जबकि दोनों की कुल सेवा अवधि समान दर्शायी गयी है। परन्तु मेरी जन्मतिथि 26.04.1991 तथा प्रदीप रावत की जन्मतिथि 25.06.1991 है। वरिष्ठता सूची में मेरा नाम संशोधन करने की कृपा करें उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि वरिष्ठता सूची में जन्मतिथि को वरीयता प्रदान करते हुए संशोधन कर दिया गया है।

24. श्री रमेश चन्द्र जोशी द्वारा दी गयी आपत्तियों कि प्रार्थी का नाम वरिष्ठता सूची में क0सं0– 181 में है। मुझे आपत्ति है कि वरिष्ठता सूची के क्रम सं0–143 श्री दीपक कान्त हड़ताल के बाद 11 माह के लिए हुई थी, जिसके कम में माह जुलाई 2024 में इनकी सेवा समाप्त हो गयी थी, वरिष्ठता सूची में उक्त प्रार्थी मुझसे आगे है, अतः महोदय से अनुरोध है इसे देखने का कष्ट करें। वरिष्ठता सूची क0सं0 –179 श्री सौरभ कुमार को अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0, थत्यूड़ में लगभग पांच माह Leave without Pay में रहे, वरिष्ठता सूची में उक्त प्रार्थी मुझसे आगे है। अतः महोदय से अनुरोध है इस देखने का कष्ट करें। वरिष्ठता सूची क0सं0–178 श्री पंकज जोशी की दिनांक 05.10.2024 को जारी पत्र से पूर्व 3 माह की सेवा अधिशासी अभियन्ता, रानीखेत द्वारा समाप्त कर दी थी, परन्तु वरिष्ठता सूची में उक्त प्रार्थी मुझसे आगे है, अतः महोदय से अनुरोध है कि इसे देखने का कष्ट करें। वरिष्ठता सूची के क्रम संख्या–180– श्री अर्शी सैफी हम दोनों के योगदान की तिथि व वास्तविक रुप से कार्यरत अवधि समान दिखायी गई है। जन्मतिथि के आधार पर प्रार्थी की वरिष्ठता क0 पहले आना चाहिए था, अतः महोदय से निवेदन है उक्त प्रकरण को भी सहानुभूति पूर्वक देखने का कष्ट करें। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि पुनः गणना करने के उपरान्त क्रमांक 143 में अंकित श्री दीपक कान्त की ब्रेक अवधि 01 साल 09 माह 06 दिन संशोधित कर दी गयी है। व पुनः गणना करने के उपरान्त क्रमांक 179 में अंकित श्री सौरभ कुमार की ब्रेक अवधि 01 साल 09 माह 08 दिन संशोधित कर दी गयी है व सम्बन्धित कार्यालय द्वारा अवगत कराया गया है कि श्री पंकज जोशी की सेवा 05.10.2024 को ही समाप्त की गयी है तथा जन्मतिथि के आधार पर संशोधन कर दिया गया है।

25. श्री विकास नौटियाल, श्री गब्बर सिंह, श्री महेश नौटियाल, श्री पुष्कर पाल सिंह बिष्ट, श्री विरेन्द्र सिंह एवं श्री रविकान्त कोठियाल द्वारा दी गयी आपत्तियों कि कनिष्ठ अभियन्ता (संविदा) कि अन्तिम वरिष्ठता सूची निर्गत की गयी है। जिसमें प्रार्थी द्वारा निम्न आपत्तियां व्यक्त की जा रही है कि दिनांक 24.08.14 से निरन्तर वर्ष 16.11.2021 तक सेवा विस्तार किया गया तथा दिनांक 17.11.21 से 06.01.22 तक कुल 51 दिवस हड़ताल अवधि को छोड़कर दिनांक 07.01.22 को विभाग में योगदान आख्या दी गयी थी जिसमें विभाग द्वारा योगदान आख्या स्वीकृत की गयी इस अवधि में विभाग में मेरे द्वारा राजकीय कार्यों का सम्पादन किया गया एवं प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून के पत्रांक– 63/61 (3) व्यप–सा0/2018 दिनांक 25.01.2022 द्वारा यथास्थिति के जो आदेश पारित किये गये थे, को ब्रेक सेवा न दिखाया जाय, चूकि आदेश किसी के भी सेवा समाप्ति के नही थे, इस अवधि में मेरे द्वारा विभाग में ही कार्य किया गया जिसे मेरी वास्तविक रुप से कार्यरत सेवा अवधि वर्तमान तक 11 वर्ष हो रही है। को सेवा में जोड़ा जाए (विवरण संलग्न) यदि उपरोक्त वर्णित सेवा को मेरी वास्तविक रुप से कार्यरत

सेवा अवधि में नही जोड़ा जाता है तो मुझे न्यायालय की शरण में जाना पड़ेगा। महोदय प्रार्थी द्वारा 24.08.14 से वर्तमान तक विभाग में सच्ची निष्ठा के साथ, अल्प वेतन एवं विषम परिस्थितियों में कार्य किया गया है। कोरोना काल जैसे विषम समय में कोविड ड्यूटी भी की गई। प्रार्थी को वर्तमान तक लगभग 11 वर्ष विभाग में कार्य करते हुये हो गये है, अतः महोदय से निवेदन है कि प्रार्थी की वास्तिविक रुप से कार्यरत 11 वर्ष की सेवा अवधि का जोड़े जाने की कृपा करेंगे। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि अनुबन्ध की शर्तो का उल्लघंन करने के दृष्टिगत संविदा के रूप में तैनाती स्वतः ही समाप्त हो गयी थी। जिस कारण उल्लेखित दिनों को सेवा में गणना किया जाना सम्भव नही है।

26. श्री विकास कुमार कश्यप द्वारा दी गयी आपत्तियों कि महोदय प्रार्थी की नियुक्ति दिनांक 20.06.2018 को कनिष्ठ अभियन्ता सिविल संविदा में हुई थी, प्रार्थी ने 20.06.2018 से लगातार दिनांक 28.01.2021 तक कुल 02 दिन का ब्रेक लेते हुए कार्य किया था। तत्पश्चात् प्रार्थी दिनांक 16.11.2021 से दिनांक 06.01.2022 तक कुल 52 दिन तक हड़ताल अवधि में रहा । इसके पश्चात् 07.01.2022 को हड़ताल समाप्ति के पश्चात् प्रार्थी द्वारा पुनः अपना योगदान राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, लो0नि0वि0, श्रीनगर में दिया गया जहां पर प्रार्थी ने दिनांक 25.01.2022 तक कार्य किया। उसके पश्चात् दिनांक 17.08.2023 को पुनः लो0नि0वि0, गैरसैण में नियुक्त कर दी गयी। जिसमें प्रार्थी द्वारा दिनाक 17.08.2023 से दिनांक 16.07.2024 तक कार्य किया गया। जिसके पश्चात् विभाग द्वारा 16.01.2024 के बाद प्रार्थी का सेवा विस्तार नही किया गया। जिस कारण प्रार्थी द्वारा दिनांक 05.09.2024 को माननीय उच्च न्यायालय नैनीताल में मुकदमा दर्ज किया गया था। महोदय आपके पत्रांक– 4737/61 व्यध–सा/12 दिनांक 22.01.2013 और कार्यालय ज्ञाप सं0–433/61 व्यध–सामान्य/18 दिनाक 15.06.2018 में आपके विभाग द्वारा जिसमें मैरिट सूची में मेरा नाम विकास कुमार कश्यप है और विभाग त्रुटि के कारण मेरे नाम विकास कश्यप कर दिया जाता है। मेरे सारे डॉक्यूमेंट में विकास कुमार कश्यप है आपसे निवेदन है कि मेरे नाम को सही करने की कृपा करें उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि अनुबन्ध की शर्तो का उल्लघंन करने के दृष्टिगत संविदा के रूप में तैनाती स्वतः ही समाप्त हो गयी थी। जिस कारण उल्लेखित दिनों को सेवा में गणना किया जाना सम्भव नही है तथा वरिष्ठता सूची में नाम संशोधित कर दिया गया है।

27. श्री अनिल सिंह द्वारा दी गयी आपत्तियों कि अवगत करवाना चाहता हूं कि आपके द्वारा दिनांक 01.04.2025 को मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल को भेजी गयी कनिष्ठ अभियन्ता संविदा की सूची में मेरा नाम क्रमांक–228 पर अंकित है। अतः महोदय से निवेदन है कि मेरा नाम कनिष्ठ अभियन्ता सिविल (संविदा) की वरिष्ठता सूची में अंकित करवाने की कृपा करें। प्रत्यावेदन –2 पत्रांक– 496/61 व्यध–सा0/13 दिनांक 12.06.13 सूची के क्रम संख्या– 93 में होना था। परन्तु विभागीय त्रुटि के कारण मुझे 09.03.2018 को पत्र संख्या– 120/61 व्यध–सा0/18 दिनांक 09.03.2018 द्वारा अतिविलम्ब से नियुक्ति प्रदान की गई। प्रार्थी की सेवा को 20.06.2013 दिनेश सिंह पुत्र श्री नैन सिंह के समान माना जाय उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि शासन के पत्र दिनांक 21.11.2025 के अनुसार वरिष्ठता सूची में नाम अंकित कर दिया गया है।

28. श्री गिरीश चन्द्र पाटनी द्वारा दी गयी आपत्तियों कि प्रार्थी द्वारा 26.06.13 द्वारा लोक निर्माण विभाग में योगदान दिया गया है। जिसके पश्चात् प्रार्थी ने लगातार लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत 9 वर्ष 28 दिन तक अपनी सेवाये दी परन्तु सूची में मेरा नाम अंकित नहीं है। अतः लोक निर्माण विभाग में कनिष्ठ अभियन्ता (संविदा) पर पुनः आवद्व किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें। उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि श्री पाटनी को प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष कराये गये कार्यो में लापरवाही बरते जाने हेतु कारण बताओं नोटिस जारी किया गया जिस कारण उनकी संविदा समाप्त कर दी गयी। जिसे विभागाध्यक्ष कार्यालय के ज्ञाप संख्या 267 दिनांक 12.03.2024 द्वारा उनके विरुद्व प्रचलित प्रकरण को एतदद्वारा समाप्त किये जाने के के आदेश पारित किये गये तथा वर्तमान में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में प्रार्थी का नाम अंकित कर दिया गया है।

29. श्री मनीष उप्रेती द्वारा दी गयी आपत्तियों कि प्रार्थी का नाम वरिष्ठता सूची में क0सं0– 181 में है। मुझे आपत्ति है। जो निम्न प्रकार है वरिष्ठता सूची के क्रम सं0–143 श्री दीपक कान्त हड़ताल के बाद 11 माह के लिए हुई थी, जिसके कम में माह जुलाई 2024 में इनकी सेवा समाप्त हो गयी थी, वरिष्ठता सूची में उक्त प्रार्थी मुझसे आगे है, अतः महोदय से अनुरोध है इसे देखने का कष्ट करें। वरिष्ठता सूची क0सं0 –179 श्री सौरभ कुमार को अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0, थत्यूड़ में लगभग पाच माह Leave without Pay में रहे, वरिष्ठता सूची में उक्त प्रार्थी मुझसे आगे है। अतः महोदय से अनुरोध है इस देखने का कष्ट करें, वरिष्ठता सूची क0सं0–178 श्री पंकज जोशी की दिनांक 05.10.2024 को जारी पत्र से पूर्व 3 माह की सेवा अधिशासी अभियन्ता, रानीखेत द्वारा समाप्त कर दी थी, परन्तु वरिष्ठता

सूची में उक्त प्रार्थी मुझसे आगे है, अतः महोदय से अनुरोध है कि इसे देखने का कष्ट करें, महोदय, आपके संज्ञान में यह भी लाना है कि मैं एक दिव्यांग लाभार्थी हूं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी अल्मोड़ा द्वारा जारी प्रमाण पत्र में मेरी दिव्यांगता 90 प्रतिशत है। परन्तु मुझे इसका लाभ आज तक नही मिला है। अतः महोदय से विनम्र अनुरोध है कि श्रेणी से ज्येष्ठता श्रेणी हेतु देने का कष्ट करें उपरोक्त आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त अवगत कराना है कि पुनः गणना करने के उपरान्त क्रमांक 143 में अंकित श्री दीपक कान्त की ब्रेक अवधि 01 साल 09 माह 06 दिन संशोधित कर दी गयी है व पुनः गणना करने के उपरान्त क्रमांक 179 में अंकित श्री सौरभ कुमार की ब्रेक अवधि 01 साल 09 माह 08 दिन संशोधित कर दी गयी है तथा सम्बन्धित कार्यालय द्वारा अवगत कराया गया है कि श्री पंकज जोशी की सेवा 05.10.2024 को ही समाप्त की गयी है।

